दिनांकः 01.08.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राजधानी जयपुर सहित प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश से उमसभरी गर्मी से राहत–कुछ इलाकों में पानी भरा–कई निजी विद्यालयों ने अवकाश घोषित किया।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ करेंगे बैठक।
- विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आज से प्रदेशभर में आयोजित की जा रही हैं गतिविधियां।
- परिवहन विभाग ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट लगवाने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 10 अगस्त की।

------------

राजधानी जयपुर सहित प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर तेज बारिश हो रही है। चार–पांच दिनों के अंतराल से हुई अच्छी बारिश से लोगों को उमसभरी गर्मी से राहत मिली है। जयपुर में कल शाम से शुरू हुआ बरसात का दौर अभी तक जारी है। इससे कई जगह पानी भर गया है। लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। भारी बरसात के कारण राजधानी के कई विद्यालयों में भी विद्यार्थियों का आज का अवकाश घोषित कर दिया गया है। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

------------

भरतपुर में रात को करीब ढाई घंटे तक लगातार तेज बरसात हुई। शहर में कई स्थानों पर पानी भर गया। निचली बस्तियों में पानी भरने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नगर निगम और यूआईटी द्वारा पम्प लगाकर पानी निकासी के प्रबंध किये जा रहे हैं। कोटपूतली–बहरोड़ में लगातार दस घंटे से रिमझिम बारिश का दौर जारी है। बारां में देर रात अच्छी बरसात हुई। भीलवाडा में बूंदाबांदी दर्ज की गई। करौली में देर रात से हो रही बारिश अभी भी जारी है। पांचना बांध में पानी की आवक हो रही है। चूरू में तेज बारिश होने से मुख्य मार्गों पर पानी भर गया है, जिससे कई रास्ते अवरुद्ध हो गए हैं। झुंझुनूं में कल शाम झमाझम बारिश हुई। ये बारिश बाजरा, ग्वार और मूंग की फसल के लिए फायदेमंद बताई जा रही है। सीकर में रातभर से हो रही बारिश के कारण जिला मुख्यालय के कई इलाके जलमग्न हैं। नीम का थाना जिले में कल शाम को मौसम में अचानक बदलाव आया और घने बादल छाने के बाद कई जगह अच्छी बारिश हुई। जिले में रिमझिम बरसात का दौर अभी भी जारी है।

------------

राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे ने आज सुबह जयपुर में अमर जवान ज्योति पर पुष्पचक्र अर्पित कर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीद जवान देश के वह गौरव हैं, जिनसे सभी देशवासी आलोकित होते हैं। उन्होंने विजिटर बुक में लिखा कि मां भारती के लिए अपने प्राणों की परवाह किये बिना प्राण न्यौछावर करने वाले सभी शहीदों को उनका नमन है।

------------

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज मुख्यमंत्री कार्यालय में 16वें वित्त आयोग के प्रतिनिधिमंडल के साथ शिष्टाचार भेंट के बाद सचिवालय में आयोग के प्रतिनिधियों के साथ बैठक भी करेंगे। शाम को मुख्यमंत्री का दिसम्बर महीने में होने वाले राजस्थान इन्वेटमेंट समिट पर भारतीय उद्योग परिसंघ–सीआईआई के महानिदेशक और उनकी टीम के साथ परिचर्चा का कार्यक्रम है।

............

विधानसभा में आज राजस्थान भूजल (संरक्षण और प्रबंध) प्राधिकरण विधेयक 2024 को विचारार्थ लिया जाएगा। इसके अलावा प्रदेश में पेयजल की स्थिति पर भी विचार किया जाएगा। विधायक अर्जुनलाल, विनोद कुमार और प्रियंका चौधरी विभिन्न याचिकाओं का उपस्थापन करेंगे। वहीं सदन में ध्यानाकर्षण प्रस्ताव भी लाए जाएंगे। कल्पना देवी, देवस्थान विभाग की जमीनों को अतिक्रमण से मुक्त कराने के

संबंध में देवस्थान मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगी। वहीं अमित चाचाण आबादी भूमि में परिवर्तन के एक मामले में राजस्व मंत्री और प्रियंका चौधरी पानी निकासी प्रणाली को मजबूत कराने के संबंध में स्वायत्त शासन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे।

................

विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आज से प्रदेशभर में भी स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। शिशुओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के उद्देश्य से ये सप्ताह मनाया जा रहा है। स्तनपान के प्रचार और समर्थन के लिए इस वर्ष की थीम ''क्लोजिंग द गेप : ब्रेस्ट फीडिंग सपोर्ट फॉर ऑल'' रखी गई है। केन्द्र सरकार द्वारा प्रसव केन्द्रों पर बच्चे के जन्म के बाद तुरंत स्तनपान और नई माताओं को सहायता देने पर ध्यान केन्द्रित करते हुए सप्ताह के तहत विभिन्न जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। प्रदेश में विभिन्न जिलों में स्तनपान सप्ताह के तहत कार्यक्रम हो रहे हैं। कोटपूतली बहरोड़ जिले से हमारे संवाददाता ने बताया कि सप्ताह के दौरान विषय विशेषज्ञों की ओर से स्तनपान का महत्व, इस दौरान आने वाली समस्या और उनके समाधान के बारे में जागरूक किया जाएगा।

................

जैसलमेर के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बी एल बुनकर ने बताया कि सप्ताह के तहत स्तनपान से होने वाले फायदों को लेकर माताओं को जागरूक करने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर, सीएचसी, पीएचसी, सब सेन्टर और ग्राम स्तर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। भीलवाड़ा, करौली और प्रदेश के अन्य जिलों में भी स्तनपान सप्ताह के तहत हो रहे कार्यक्रमों में माताओं के इसके महत्व के बारे में बताया जा रहा है। इधर, भरतपुर के ज़नाना अस्पताल में संचालित मदर मिल्क बैंक माताओं और शिशुओं के लिए वरदान साबित हो रहे हैं। हमारे संवाददाता ने बताया कि मिल्क बैंक की प्रभारी अंजना शर्मा के अनुसार अब तक करीब साढ़े 8 हजार माताएं बैंक पहुंची हैं और उन्होंने 15 हजार 835 टर्न में करीब 18 लाख 72 हजार मिलीलीटर दूध उपलब्ध कराया है, जिससे लगभग दस हजार बच्चे लाभान्वित हुए हैं।

................

परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग ने हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट–एचएसआरपी लगवाने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 10 अगस्त कर दी है। परिवहन विभाग ने कल इस बारे में आदेश जारी किए। अब पुराने वाहनों के मालिक 10 अगस्त तक हाई सिक्योरिटी प्लेट लगवा सकेंगे। 10 अगस्त तक एचएसआरपी नंबर प्लेट के लिए रजिस्ट्रेशन करवाने के बाद बुकिंग स्लिप दिखाने दिखाने पर भी चालान नहीं काटा जाएगा। गौरतलब है कि इससे पहले एचएसआरपी प्लेट लगाने की आखिरी तारीख 31 जुलाई थी।

................

जयपुर शहर में चल रहे कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा मानकों की कल पुलिस ने सघन जाँच की। इस बारे में जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ द्वारा निर्देश जारी किये गये हैं। पुलिस ने सभी कोचिंग संस्थानों को कहा है कि सुरक्षा मानकों में किसी भी तरह की लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कल जयपुर आयुक्तालय क्षेत्र में 438 कोचिंग संस्थानों और पुस्तकालयों का निरीक्षण कर जाँच की गई। जाँच में 65 संस्थानों में सुरक्षा मानकों में अनियमितता पाई गई। इनमें 31 संस्थानों को नोटिस दिया गया और 38 संस्थानों को सील किया गया।

................